मसूरी के कैंप्टीफाल में बनेगी उत्तराखंड की पहली टनल पार्किंग

चर्चा में क्यों?

4 जून, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार उत्तराखंड में पहली टनल पार्किंग कैंप्टीफाल में टिहरी-कैंप्टीफाल मसूरी, मसीही मसूरी रोड के सामने बनाई जाएगी, जिसकी 120 करोड़ की डीपीआर तैयार हो चुकी है।

प्रमुख बिंदु

- राज्य में पार्किंग की समस्या के समाधान के लिये 12 शहरों में पहाड़ में टनल पार्किंग बनाई जानी हैं। इनमें पौड़ी में दो, टिहरी में छह, उत्तरकाशी में दो और नैनीताल में दो पार्किंग शामिल हैं।
- इस पार्किंग में 400 वाहनों को पार्क करने की सुविधा मिलेगी।
- यहाँ बनेंगी टनल पार्किंग :
  - पौड़ी-लक्ष्मण झूला और देवप्रयाग रेलवे स्टेशन के पास सौड़।
  - ओल्ड टिहरी रोड कूड़ाघर के सामने (चंबा), नैनबाग धनोल्टी, छलिड़ी गाँव, तेगड़ बाज़ार और थत्यूड़ बाज़ार, मेन बाज़ार।
  - उत्तरकाशी-गंगोत्री और गंगनानी।
  - नैनीताल-भवाली रोड पर कैंट बोर्ड की ज़मीन और नेशनल ऑब्ज़र्वेटरी के पास पहला मोड़।
- जिन पर्वतीय ज़िलों में पार्किंग के लिये बड़ा मैदान उपलब्ध नहीं है, वहाँ पहाड़ों के भीतर ही टनल से पार्किंग का काम लिया जाएगा। ये पार्किंग ऐसी बनाई जाएंगी कि एक तरफ से वाहन पार्किंग के लिये घुसेगा और दूसरी सड़क पर बाहर निकल जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttarakhand-s-1st-tunnel-parking-will-be-built-in-kempty-fall-mussoorie